भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 15.04.2023

आरेडिका में मनायी गई डा. अम्बेडकर जी की 132वीं जयंती

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में आज दिनांक 15.04.2023 को भारत रत्न डा. भीम राव अम्बेडकर जी की 132 वीं जयंती का आयोजन प्रशासनिक भवन के संगोष्ठी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक श्री पीके मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं अम्बेडकर जी की फोटो प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर श्री पी के मिश्रा ने अम्बेडकर जी के त्याग, जीवन संघर्षो, महिला एवं दलितोद्धार के लिए किए गये कार्यों पर प्रकाश डाला और लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने एवं अपने जीवन में उन आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया। आगे उन्होने कहा कि, बाबा साहब का मानना था कि जिन्दगी लम्बी नही बड़ी होनी चाहिए।

आगे इसी क्रम में अधिकारियों , कर्मचारियों , एससी/ एसटी एसोसिएशन, एवं विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधियों ने अम्बेडकर जी की फोटो पर पुष्पांजली कर बाबा साहब के जीवन से संबंधित बहुमूल्य जानकारी को साझा किया। श्री टीआर वर्मा, श्री ओम प्रकाश मौर्या , आदि ने बाबा सहाब के जीवन उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में आरेडिका के पीसीपीओ श्री अमरनाथ दुबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

15/4/2023

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी